उत्तर प्रदेश शासन
समाज कल्याण अनुभाग-3
संख्या- 89/2025/ 921 /26-3-2025-1908395
लखनऊः दिनांकः 30 मार्च, 2025

शुद्धि-पत्र

निदेशालय, जनजाति विकास , उ0प्र0लखनऊ के पत्र संख्या-378/ज0जा0वि0/65/275(1)/2024-25 दिनांक-10.03.2025 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में समाज कल्याण अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-83/2025/706/26-3-2025, दिनांक-29.03.2025 के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा जनपद-बलरामपुर में अवस्थापना सम्बन्धी कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार द्वारा अवमुक्त कुल धनराशि रू0 1829.90 लाख में से उक्त कार्यो के निर्माण हेतु अवमुक्त धनराशि रू0-478.78 लाख के सापेक्ष, कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको को नामित कर, 05 प्रतिशत की धनराशि रू0-23.89 लाख को रोकते हुए कुल धनराशि रू0-454.89 (रूपये चार करोड़ चौव्वन लाख नवासी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है।

2- उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत शासनादेश के माध्यम से उक्त निर्माण कार्य हेतु आगणित लागत की धनराशि रू0-478.78 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत किये जाने का उल्लेख त्रुटिवश नहीं किया गया है।

3- अतः समाज कल्याण अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-83/2025/706/26-3-2025, दिनांक-29.03.2025 के माध्यम से जनपद-बलरामपुर में अवस्थापना सम्बन्धी कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार द्वारा अवमुक्त कुल धनराशि रू0 1829.90 लाख में से उक्त कार्यो के निर्माण हेतु अवमुक्त धनराशि रू0-478.78 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर उक्त के सापेक्ष 05 प्रतिशत की धनराशि रू0-23.89 लाख को रोकते हुए कुल धनराशि रू0-454.89 (रूपये चार करोड़ चौव्वन लाख नवासी हजार मात्र) वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

शासनादेश संख्या-83/2025/706/26-3-2025, दिनांक-29.03.2025 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए तथा अन्य शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

Signed by
Rajani Kant Pandey
Date: 30-03-2025 16:00:51

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उपसचिव

पृ0 संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, जनजाति विकास, उ0प्र0लखनऊ।
2-महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज ।
3-महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज ।
4-निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- जिलाधिकारी, बलरामपुर।
7-जिला समाज कल्याण अधिकारी, बलरामपुर।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 उ0प्र0 शासन।
9- मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, निदेशालय, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
10- प्रबंध निदेशक, यू0पी0सिडको, लखनऊ।
11-निदेशक एन0आई0सी0, लखनऊ।
12-गार्डफाइल

आज्ञा से,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उपसचिव

R.Kumar D.O